हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)
आज़ादी का अमृत महोत्सव

## 'प्रेस नोट'

## हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2022

निदेशालय, सैकेण्डरी शिक्षा विभाग हरियाणा, पंचकुला के निर्देशानुसार हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2022 का आयोजन दिनांक 12.11.2022 (शनिवार) व 13.11.2022 (रविवार) को करवाया जा रहा है। परीक्षा से सम्बन्धित सूचना–पत्रक (**Information Bulletin**) बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीद्वार हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2022 के लिए दिनांक 17.09.2022 दोपहर बाद से दिनांक 27.09.2022 (रात्रि 12:00 बजे) तक वैबसाईट www.bseh.org.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन करने से पूर्व उम्मीद्वार सूचना–पत्रक में दर्शाए गए सभी महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों को ध्यान से पढ़कर/समझकर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। ऑनलाईन आवेदन व परीक्षा शुल्क सफलतापूर्वक जमा करने के पश्चात अभ्यर्थी पुष्टिकरण–पृष्ठ (**Confirmation Page**) की प्रति लेना सुनिश्चित कर लें।

अभ्यर्थी अपने विवरण अर्थात् नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, फोटोयुक्त पहचान–प्रमाण, आधार नम्बर और विषय के चयन (लेवल–2 व 3) में ऑनलाईन संशोधन दिनांक 28.09.2022 से 30.09.2022 तक कर सकते है। दिनांक 27.09.2022 के बाद ऑनलाईन आवेदन तथा दिनांक 30.09.2022 के बाद ऑनलाईन विवरण में संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी व इस संदर्भ में कोई भी प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाएगा। लेवल, जाति वर्ग, गृह राज्य व शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण (**Physically challenged**) विकल्प में कोई परिवर्तन/सुधार/शुद्धि करने की अनुमति नहीं होगी। फैक्स, ई–मेल, पत्र इत्यादि व अन्य माध्यम से प्राप्त प्रार्थना–पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यदि कोई अभ्यर्थी एक लेवल के लिए एक से अधिक आवेदन करता है, तो उसका आवेदन/पात्रता रदद् कर दी जाएगी। अभ्यर्थी नवीनतम जानकारी/अपडेट के लिए वैबसाईट www.bseh.org.in का नियमित अवलोकन करते रहें ताकि किसी भी महत्वपूर्ण व अति–आवश्यक जानकारी/सूचना से वंचित न रहे। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई उत्पन्न होती है तो हैल्प लाईन 9717894424, 9810285068, 9289528561, 9289517562 व ई–मेल आई0डी0 **htet2022@gmail.com** पर संपर्क कर सकते हैं।